श्रावण मास, कृष्ण पक्ष 1 वर्ष, अंक 108, पृष्ठ 4, मूल्य 1.00

# अखण्ड भारत सन्देश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज मंगलवार, 24 नवम्बर, 2020 विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान की एक अनुपम भेंट

## सीएम योगी आदित्यनाथ की तैयारीः कोरोना वैक्सीन के लिए 15 तक जिलों में कोल्ड चेन होगी सुदृढ़

**कोविड-19 : सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा उत्तर प्रदेश के नागरिकों की स्वास्थ्य सुरक्षा हमारी शीर्ष प्राथमिकता है। हमने कोविड-19 के टीकाकरण की सफलता के लिए प्रदेश के सभी जिलों में 15 दिसंबर तक वैक्सीन को बेहद कारगर बनाए रखने के लिए कोल्ड चेन की सुदृढ़ व्यवस्था सुनिश्चित कर ली है।**

**लखनऊ, जेएनएन।** उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने वैश्विक महामारी कोरोना वायरस संक्रमण के प्रसार पर अंकुश लगाने के लिए बनी वैक्सीन की गुणवत्ता सौ प्रतिशत बनाए रखने की तैयारी कर ली है। सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश के सभी 75 जिलों में कोरोना वैक्सीन के लिए 15 दिसंबर तक कोल्ड चेन बरकरार रखने की व्यवस्था सुदृढ़ हो जाएगी।

उन्होंने इसके साथ ही प्रदेश में पर्याप्त संख्या में वैक्सीन लगाने वालों यानी वैक्सीनेटर की उपलब्धता पर भी जोर दिया है। प्रदेश भर की रिपोर्ट लेने के बाद कोरोना से बचाव के लिए जनता को जागरूक करते रहने और जांच पूरी क्षमता से करते रहने के लिए कहा है। कोरोना वैक्सीन को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अधिकारी वैक्सीन की उपलब्धता सुनिश्चित करेंगे। सीएम योगी आदित्यनाथ ने 15 दिसंबर तक कोरोना वैक्सीन को लेकर सभी काम पूरा करने की जानकारी देने के साथ ही कहा कि कोरोना वैक्सीन सबको दी जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कोविड-19 के टीकाकरण के संबंध में सभी तैयारियों को व्यवस्थित और समयबद्ध ढंग से



करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि कोविड-19 टीकाकरण का काम अंतर्विभागीय समन्वय से किया जाए। इसके लिए सभी प्रबंध कर लें। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि टीकाकरण के लिए सभी जिलों में 15 दिसंबर तक कोल्ड चेन की मजबूत व्यवस्था बना लें, जिससे वैक्सीन की गुणवत्ता में कोई कमी न आने पाए। उन्होंने कहा कि टीकाकरण के लिए प्रदेश की विशाल जनसंख्या को देखते हुए पर्याप्त संख्या में वैक्सीनेटर की जरूरत होगी। उनके प्रशिक्षण की व्यवस्था कर ली जाए।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश के सभी नागरिकों की स्वास्थ्य सुरक्षा हमारी शीर्ष प्राथमिकता है। हमने कोविड-19 के टीकाकरण की सफलता के लिए प्रदेश के सभी जिलों में 15 दिसंबर तक वैक्सीन को बेहद कारगर बनाए रखने के लिए कोल्ड चेन की सुदृढ़ व्यवस्था सुनिश्चित कर ली है। इससे वैक्सीन की गुणवत्ता में कोई भी कमी नहीं आ पाएगी। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हमारी सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कुशल मार्गदर्शन में कोरोना वायरस पर जीत सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश में कोविड-19 के टीकाकरण कार्य को सुव्यवस्थित एवं समयबद्ध ढंग से संपन्न करने के लिए पूर्णतः कटिबद्ध है। प्रदेश में यह कार्य अन्तवभागीय समन्वय से संचालित किया जाएगा। कोरोना वैक्सीन को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अधिकारी वैक्सीन की उपलब्धता सुनिश्चित करेंगे। सीएम योगी आदित्यनाथ ने 15 दिसंबर तक कोरोना वैक्सीन को लेकर सभी काम पूरा करने की जानकारी देने के साथ ही कहा कि कोरोना वैक्सीन सबको दी जाएगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि टीम वर्क से हम कोरोना को परास्त करने की दिशा में सतत आगे बढ़ रहे हैं। हमारे मेडिकल कॉलेजों, अस्पतालों, निजी अस्पतालों व केंद्रीय संस्थानों के टीम वर्क का ही परिणाम है कि मात्र 72 टेस्ट रोज की क्षमता वाले प्रदेश के पास आज कोविड-19 के 2 लाख टेस्ट प्रतिदिन करने का सामर्थ्य है। सभी राजकीय एवं निजी मेडिकल कॉलेजों में नवस्थापित बीएसएल लैब तथा एफेरेसिस व केमिल्यूमिनिसेन्स की व्यवस्था किसी भी महामारी से लड? के लिए तैयार है। कोरोना को परास्त करने के लिए यह अत्यंत उपयोगी सिद्ध होंगे। प्रदेश के चिकित्सा शिक्षा विभाग का यह प्रयास सराहनीय है। कोरोना संक्रमण के प्रसार के खिलाफ उत्तर प्रदेश सरकार की नीतियों को बेहद कुशलता से क्रियान्वित करने वाले प्रशासनिक अधिकारियों, मेडिकल और पैरामेडिक्स स्टाफ के समर्पित प्रयासों का ही यह परिणाम है कि उत्तर प्रदेश के कोविड मैनेजमेंट की अंतरराष्ट्रीय संस्थानों ने प्रशंसा की है।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जब तक कोरोना की कोई वैक्सीन नहीं आ जाती है, तब तक सतर्कता और बचाव ही इसका उपचार है। कोरोना को लेकर पूरे विश्व में शोध कार्य चल रहा है। सभी देश में हो रहे शोधों से सकारात्मक परिणाम आ रहे हैं। इसके साथ ही प्लाज्मा थेरेपी के सकारात्मक परिणाम आ रहे हैं। अब तो इसे व्यापक रूप से प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पिछले आठ महीनों से पूरी दुनिया कोरोना महामारी से जूझ रही है। उत्तर प्रदेश में सभी ने बेहतरी प्रदर्शन करते हुए इस चुनौती का धैर्य के साथ मुकाबला किया और बेहरीन मिसाल पेश की है। इसी का परिणाम है कि अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं ने भी उत्तर प्रदेश में कोविड मैनेजमेंट की प्रशंसा की है। यह सब केंद्र और राज्य सरकार के समन्वित प्रयास से संभव हो सका है। यह टीम वर्क का ही परिणाम है कि आज हम प्रदेश में करीब पौने दो लाख कोरोना टेस्ट करने की क्षमता विकसित कर चुके हैं।

कोरोना वायरस संक्रमण के प्रसार पर अंकुश लगाने के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयास की लोहा दुनिया मान चुकी है। उनके प्रबंधन की दुनिया में तारीफ हो रही है। प्रदेश में इस वैश्विक महामारी पर अंकुश लगाने के लिए कुल 674 कोविड अस्पताल तैयार करने के साथ अस्पतालों में बिस्तरों की कुल उपलब्धता 1.57 लाख की गई। राज्य के सभी 75 जिलों में आईसीयू बेड वाले कम से कम एक या एक से अधिक लेवल-2 कोविड अस्पताल तैयार किए गए। इनके इस प्रयास की सराहना विश्व स्वास्थ्य संगठन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की है। कोरोना से निपटने की सबसे दमदार और सफल रणनीति लागू कर दुनिया के सामने मिसाल पेश कर चुकी योगी आदित्यनाथ सरकार ने एक बार फिर कोरोना को मात देने के लिए कमर कस ली है। दिल्ली के हालात को देखते हुए राज्य सरकार ने राष्ट्रीय राजधानी से सटे उत्तर प्रदेश के जिलों में सतर्कता बढ़ा दी है।

## चक्रवाती तूफान से निपटने और तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक, अभी से किया अलर्ट



**नई दिल्ली, एएनआइ।** चक्रवाती तूफान दक्षिण पश्चिम अरब सागर में पश्चिम की ओर से तेजी से बढ़ रहा है। यह चक्रवाती तूफान 24 घंटे के अंदर तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और पुडुचेरी के तटीय क्षेत्रों से टकराने वाला है। तूफान से निपटने को लेकर केंद्र और राज्य सरकारें पूरी तरह से अलर्ट हैं। केंद्रीय कैबिनेट सचिव राजीव गौबा ने सोमवार को आंध्र प्रदेश के मुख्य सचिवों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से चक्रवाती तूफान से निपटने की तैयारियों और स्थिति की समीक्षा की। राजीव गौबा ने राष्ट्रीय संकट प्रबंधन समिति की बैठक की अध्यक्षता की जिसमें तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और पुडुचेरी के शीर्ष अधिकारी जुड़े। कैबिनेट सचिवालय ने बताया कि आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु और पुंडुचेरी के मुख्य सचिवों ने राष्ट्रीय संकट प्रबंधन समिति को अपनी तैयारियों के बारे में जानकारी दी और उल्लेख किया कि किसी भी घटना को लेकर अधिकारी पूरी तरह से तैयार हैं। उन्होंने इस चुनौती को पूरा करने के लिए एनडीआरएफ और अन्य एजेंसियों के साथ समन्वय की भी जानकारी दी। भारतीय मौसम विभाग के महानिदेशक ने तूफान के मौजूदा वर्तमान स्थिति की जानकारी दी। इसके साथ ही संबंधित राज्य सरकारों के साथ स्थिति साझा की है। उन्होंने उल्लेख किया कि चक्रवाती तूफान 24 से 26 नवंबर के बीच आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु और पुडुचेरी के तटीय क्षेत्रों को प्रभावित करने वाला है। वहीं, वर्चुअल बैठक के दौरान कैबिनेट सचिव ने राज्य अधिकारियों से कहा कि चक्रवात तूफान से निपटने के लिए किसी के जानमाल को कोई नुकसान न हो और प्रभावित क्षेत्रों में सामान्य स्थिति को जल्द ही बहाल किया जा सके ऐसी रणनीति बनानी चाहिए।



### तीखे बने हुए हैं ठंड के तेवर, 17 शहरों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से कम

**भोपाल, जेएनएन।** प्रदेश में ठंड के तेवर तीखे बने हुए हैं। राजधानी सहित प्रदेश में न्यूनतम तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। रविवार रात प्रदेश के 17 शहरों में न्यूनतम तापमान सात से 10 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहा। इधर, प्रदेश में सबसे कम न्यूनतम तापमान सात डिग्री सेल्सियस नौगांव, उमरिया और दतिया में रिकार्ड किया गया है। राजधानी में भी न्यूनतम तापमान 12.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो कि सामान्य से 1.7 डिग्री कम रहा। इसी तरह अधिकतम तापमान 28.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। फिलहाल मौसम में इसी तरह ठंडक घुली रहेगी। इधर, पिछले 24 घंटे के दौरान प्रदेश का मौसम शुष्क रहा। रीवा, शहडोल, ग्वालियर एवं सागर संभागों के जिलों में सामान्य से कम तथा शेषष संभागों में न्यूनतम तापमान सामान्य रहा। मौसम विज्ञानी पीके साहा ने बताया कि इस बार ठंड ज्यादा पड़ेगी, क्योंकि पश्चिमी विक्षोभ के लगातार आने के कारण सर्द हवाएं चलेंगी। अभी दक्षिणी अरब सागर में निम्न दाब क्षेत्र भी सक्रिय है, जबकि ओडिशा में समुद्र तल से 0.9 किमी की ऊंचाई पर चक्रवात बना हुआ है। पश्चिमी विक्षोभ से पछुआ हवाओं के बीच एक ट्रफ समुद्र तल से 3.1 किमी की ऊंचाई पर सक्रिय है। साथ ही दक्षिणी बंगाल की खाड़ी, हिंद महासागर में भी एक निम्न दाब क्षेत्र सक्रिय हो चुका है। इससे मौसम में परिवर्तन हो रहा है।

## शादी समारोह व सामूहिक आयोजनों में 100 लोग हो सकेंगे शामिल

**लखनऊ [राज्य ब्यूरो]।** लॉकडाउन में लगी बंदिशें महीनों बाद धीरे-धीरे खुलती गईं। लगा कि कोरोना वायरस संक्रमण विदा हो रहा है, लेकिन अब इस महामारी की आहट दोबारा सुनाई देने लगी है। दिल्ली में हाहाकार मचा रहे कोरोना से सतर्क उत्तर प्रदेश सरकार ने फिर शादी-समारोहों, सभी सामूहिक आयोजनों में लोगों के शामिल होने की संख्या सीमित कर दी है।

यूपी सरकार ने निर्देश जारी किए हैं कि बंद कमरे या हॉल में अधिकतम 100 लोग, जबकि खुले स्थान पर निर्धारित क्षमता से 40 फीसद लोग शामिल हो सकेंगे। पिछले दिनों मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस संबंध में निर्देश दिए थे। सोमवार को मुख्य सचिव आरके तिवारी ने आदेश जारी कर दिए।अब शादियों में बैंड, डीजे पर पूरी तरह से पाबंदी लगा दी गई है। इसके साथ ही बुजुर्गों और बीमार लोगों के शादियों में शामिल होने पर रोक लगाया गया है।

एक अक्टूबर को प्रदेश सरकार ने अनलॉक की जो गाइडलाइन जारी की थी, उससे लगने लगा था कि अब कोरोना वायरस संक्रमण खत्म हो रहा है। महीनों से लगे प्रतिबंध में ढील देते हुए 15 अक्टूबर से शादी और अन्य सामूहिक समारोहों में सौ से बढ़ाकर अधिकतम दो सौ लोगों के शामिल होने की अनुमति सरकार ने दी थी। अभी 37 दिन ही बीते थे कि उस आजादी पर संकट का साया फिर मंडराने लगा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश के बाद मुख्य सचिव आरके तिवारी ने कोरोना वायरस को लेकर नई गाइडलाइन जारी की है। शादी समारोहों में अब फिर से सौ लोगों के शामिल होने की सीमा तय कर दी गई है। गाइडलाइंस के मुताबक अगर मैरिज हाउस की क्षमता 100 की है तो वहां आयोजित होने वाले कार्यक्रम में सिर्फ चालीस लोग ही शामिल होंगे। इसी प्रकार यदि लॉन की क्षमता के चालीस फीसद ही लोग समारोह में शामिल हो सकेंगे। इसके साथ-साथ फेस मास्क, सैनिटाइजर, थर्मल



स्कैनिंग और हैंड वॉश अनिवार्य है। इस नए नियम के उल्लंघन पर मुकदमा होगा। शादी में बुजुर्ग, बीमार और बच्चों को आमंत्रित करने से बचने के निर्देश दिए गए हैं। कोविड प्रोटोकॉल का उल्लंघन करने पर धारा 144 और 188 के तहत कार्रवाई होगी।

सौ लोगों की क्षमता वाले हाल में एक साथ सिर्फ 50 लोगों को प्रवेशः सरकार की एडवाइजरी के मुताबिक, अब शादी में सिर्फ 100 लोगों को शामिल होने की इजाजत मिलेगी। इतना ही नहीं सौ लोगों की क्षमता वाले मैरिज होम में एक बार में सिर्फ 50 लोग के शामिल होने की मंजूरी दी गई है।

नियम तोड़ने पर दर्ज होगा मुकदमाः विवाह में सिर्फ सौ लोगों के शामिल होने के मामले में सरकार ने साफ कर दिया है कि नियम तोड़ने पर मुकदमा भी दर्ज हो सकता है। केस तो दर्ज होगा ही, साथ में बड़ा जुमार्ना भी वसूलने की तैयारी है।

संबंधित थाने में शादी समारोह की जानकारी देनी आवश्यकः शादी समारोह के लिए जिला प्रशासन से अनुमति नहीं लेनी होगी, लेकिन संबंधित थाने में शादी समारोह की जानकारी देनी आवश्यक है। यह निर्देश हैं कि स्थानीय प्रशासन कोरोना नियंत्रण को लेकर अतिरिक्त व्यवस्था भी करता है। शादी समारोह में लोगों की सीमित संख्या को लेकर नए नियम शुरूआत में नोएडा और गाजियाबाद में लागू किया गया। वहीं, लखनऊ जिले में भी जिलाधिकारी नई गाइडलाइन लागू करने के लिए समीक्षा बैठक करेंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्पष्ट कहा है कि दिल्ली में कोरोना की दूसरी लहर चल रही है, इसलिए यहां भी बहुत सतर्क रहना होगा। लोग मास्क अनिवार्य रूप से लगाएं, इसके लिए हर जिले में जिलाधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक-पुलिस अधीक्षक और मुख्य चिकित्सा अधिकारी विभिन्न संगठनों और स्वयंसेवी संस्थाओं के साथ एक बैठक करें। उन्होंने मास्क न पहनने वालों पर कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। योगी ने कहा कि कोविड-19 की चेन को तोड़ने में मेडिकल टेस्टिंग की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसे ध्यान में रखकर प्रदेश में टेस्टिंग पूरी क्षमता से करें। यह सुनिश्चित किया जाए कि प्रतिदिन किए जाने वाले टेस्ट में एक तिहाई आरटीपीसीआर और शेष दो तिहाई टेस्ट रैपिड एंटीजन विधि से हों।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग और सर्विलांस सिस्टम को मजबूत बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि बाहरी राज्य से आने वाले लोगों की अच्छे से कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग करें। रेलवे स्टेशन और एयरपोर्ट पर सभी की स्क्रीनिंग हो। एंबुलेंस सेवा सक्रिय रहे। गृह, ग्राम्य विकास, नगर विकास, राजस्व, स्वास्थ्य और औद्योगिक विकास विभागों के पब्लिक एड्रेस सिस्टम का उपयोग लोगों को जागरूक किया जाए।

## कानपुर में तीन-तीन मंजिला दो भवन क्षतिग्रस्त, राहत-कार्य जारी, हैलट में एक की मौत

**कानपुर, जेएनएन।** उत्तर प्रदेश की प्रमुख औद्योगिक नगरी कानपुर में सोमवार रात को बड़ा हादसा हो गया। यहां अनवरगंज में हालसी रोड पर खाली पड़े प्लाट में बेसमेंट की खोदाई के कारण तीन-तीन मंजिला दो मकान चलते दो मकान के पिछले हिस्से क्षतिग्रस्त हो गए। इस हादसे में आठ-नौ लोगों के घायल होने की आशंका है। मलबे में दबे लोगों को पुलिस निकाल रही है। यहां पर बेहद अफरा तफरी भरे माहौल में राहत का काम जारी है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने हादसे का संज्ञान लेकर अधिकारियों को राहत कार्य में जुटने के साथ ही घायलों के समुचित इलाज का निर्देश दिया है।

यहां के अनवरगंज थानाक्षेत्र के कुली बाजार, लोहा मंडी में सोमवार की रात तीन-तीन मंजिला दो मकान अचानक भरभराकर ढह गई। हादसा पड़ोस में निमार्णाधीन इमारत की गहरी बेसमेंट की खोदाई की वजह से हुआ। हादसे की सूचना पर पुलिस व फायर ब्रिगेड की टीमें मौके पर पहुंची और बचाव कार्य शुरू कर दिया है। अब तक चार घायलों को मलबे से निकाला गया है। अभी अन्य के मलबे में दबे होने का अनुमान है। इन दोनों मकानों में 8 से 10 परिवार रहते हैं। पारिवारिक सदस्यों की संख्या 40 से अधिक बताई जा रही है, अभी तक यह पता नहीं चल सका है कि हादसे



के समय कितने लोग घर के अंदर थे।

यहां के स्वरूप नगर निवासी अमित जैन का लोहा मंडी में पुश्तैनी मकान था। उन्होंने इस पुश्तैनी मकान को तुड़वाकर इस पर बहुमंजिला इमारत के लिए नक्शा केडीए से पास कराया था। उन्होंने निर्माण के लिए 40 फिट गहरी बेसमेंट की खोदाई कराई थी। अमित जैन के प्लाट से सटे लोहा कारोबारी अजीत जैन के दो-दो मंजिला दो पुराने थे। इनमें पुराने किराएदार रह रहे थे। सोमवार की रात प्लाट की ओर वाले तीन-तीन मंजिला दोनों मकानों के पिछले हिस्से भरभराकर गिर गए। यहां जोरदार आवाज के साथ हादसा हुआ। लोग घरों से बाहर निकले तो नजारा देख उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। मकानों ढहने की सूचना पुलिस को दी गई। अब तक चार घायलों को मलबे से बाहर निकाला गया है।

गंभीर रूप से घायल 70 वर्षीय राकेश शर्मा हैलट में भर्ती थे। देर रात उन्होंने दम तोड़ दिया। वह अमित जैन की दुकान पर ही काम करते थे। राकेश के छोटे भाई दिनेश शर्मा ने बताया कि रात करीब 12 बजे उनकी राकेश से बात हुई थी। तब तक वे ठीक थे। उसके बाद वे उनके लिए कुछ सामान लेने घर तक आए थे। 1:15 पर जब हैलट पहुंचे तो उन्हें अपने बड़े भाई की मृत्यु का दुखद समाचार प्राप्त हुआ।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अनवर गंज, कानपुर में एक भवन गिरने से उसमे लोगों के दबे होने की घटना का संज्ञान लिया है। उन्होंने निर्देश दिया है कि अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंच कर बचाव और राहत कार्य संचालित कराएं। इसके साथ घायलों के उपचार की समुचित व्यवस्था करें।

### तमिलनाडु की तरफ बढ़ रहा खतरनाक चक्रवाती तूफान, बंगाल की खाड़ी में कम दबाव का क्षेत्र 24 घंटे में होगा चक्रवात में तब?दील

**नई दिल्ली, एएनआइ।** भारतीय मौसम विभाग के मुताबिक बहुत गंभीर श्रेणी का चक्रवाती तूफान दक्षिण पश्चिम अरब सागर में पश्चिम की ओर बढ़ रहा है। अगले 24 घंटों के दौरान इसके और तेज होने की संभावना है और यह तमिलनाडु-पुडुचेरी तट की ओर बढ़ेगा। 25 नवंबर की दोपहर को कराईकल और ममल्लापुरम को पार करने की संभावना है। इससे पहले दिन में मौसम विभाग ने चक्रवाती तूफान के दक्षिण पश्चिम में बढ़ने की भविष्यवाणी की थी। विभाग ने कहा था कि इसके चलते तमिलनाडु, पुडुचेरी और केरल में 24-26 नवंबर के बीच बारिश हो सकती है। इसके अलावा आंध्र प्रदेश के दक्षिण तट और रायलसीमा में 25-27 नवंबर को बारिश होने के आसार हैं। बंगाल की खाड़ी में कम दबाव का क्षेत्र बन रहा है। यह अगले 24 घंटे में चक्रवात में तब्दील होगा। तमिलनाडु और पुडुचेरी के तटीय इलाकों में 25 नवंबर को चक्रवात पहुंचेगा। वहीं तूफान के खतरे को देखते हुए एनडीआरएफ पूरी तरह से तैनात है। भारतीय मौसम विभाग की ओर से जारी चेतावनी के बाद राहत बचाव दल की छह टीमों को कूड्डालोर और चिदंबरम में तैनात कर दिया गया है।

## काविड-19 की स्थिति पर सुप्रीम कोर्ट ने सभी राज्यों से मांगी रिपोर्ट, गुजरात और दिल्ली को फटकार

**सुप्रीम कोर्ट ने सभी राज्यों को उनके द्वारा उठाए गए कदमों पर स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने के लिए कहा है।**



**नई दिल्ली, एएनआइ।** देश की सर्वोच्च अदालत ने दिल्ली और देश के कई राज्यों में कोरोना वायरस के बिगड़ते हालात पर सुनवाई की। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली, गुजरात, महाराष्ट्र और असम में कोरोना वायरस की स्थिति को लेकर चिंता जताई। कोर्ट ने राज्यों की सरकारों से उपाय के बारे में पूछा। सरकारों से गुरुवार तक स्टेटस रिपोर्ट मांगी गई है। इस मामले में अब सुनवाई शुक्रवार को फिर से होनी है।

दिल्ली में कोरोना के मामलों में बढ़ोतरी पर सुप्रीम कोर्ट चिंतित दिखा। कहा कि दिल्ली में पिछले 2 हफ्तों में हालात काफी बिगड़े हैं। जस्टिस अशोक भूषण की अध्यक्षता वाली बेंच ने खराब उडश्क्क-19 की स्थिति को गुजरात और दिल्ली की खिंचाई की। इस दौरान बाकी राज्यों से भी रिपोर्ट मांगी गई है। कोर्ट की तरफ से साफ कहा गया है कि अगर सावधानी नहीं बरती गई तो दिसंबर में स्थिति बहुत बुरी हो सकती है।

सुप्रीम कोर्ट ने कोरोना मामलों के बढ़ने के बावजूद शादियों और समारोहों के लिए दी गई इजाजत पर गुजरात सरकार की खिंचाई की। कोर्ट ने फटकार लगाते हुए कहा कि दिल्ली और महाराष्ट्र के बाद गुजरात सबसे खराब है। सुप्रीम कोर्ट ने सभी राज्यों को उनके द्वारा उठाए गए कदमों पर स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने के लिए कहा है। इसके अलावा क्या कुछ कदम उठाए जाने हैं और उडश्क्क9 स्थिति से निपटने के लिए केंद्र से आवश्यक मदद को लेकर भी सरकारों से जवाब मांगा गया है। दिल्ली में कोरोना वायरस से हालात बिगड़ रहे हैं, यहां 5.29 लाख के पार हो चुके हैं कोरोन वायरस मामले। दिल्ली सरकार द्वारा तमाम कोशिशें कोरोना वायरस को लेकर की जा रही है। इस बीच, महाराष्ट्र लगातार कोविड मामलों की संख्या के साथ देश में सबसे प्रभावित राज्य बना हुआ है। यहां रविवार को 5,753 नए मामलों के साथ अब कुल मामले 17.8 लाख को पार कर गए हैं।

गुजरात में कोरोना वायरस के मामलों में हाल में बढ़ोतरी देखी गई है। राज्य सरकार को अहमदाबाद, राजकोट, सूरत और वडोदरा जैसे शहरों में रात के कर्फ्यू लगाने के लिए मजबूर किया है। विजय रूपानी सरकार ने अब तक भी स्कूलों और कॉलेजों को फिर से खोलने का फैसला नहीं किया है।

### छत्तीसगढ़ः कांकेर मुठभेड़ में 3 नक्सली मारे गए, ररइ जवान घायल

**रायपुर, पीटीआइ।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में सोमवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक महिला सहित तीन नक्सली मारे गए। पुलिस के मुताबिक, इस मुठभेड़ के दौरान एक सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) का जवान भी गोली लगने से घायल हो गया है। महानिरीक्षक (बस्तर रेंज) सुंदरराज पी ने बताया कि झड़प सुबह 8 बजे के आसपास जंगल में हुई जब एसएसबी की 33 वीं बटालियन की एक टीम अपने कोसरंडा कैंप से ड्यूटी पर गश्त पर निकली थी। उन्होंने कहा कि मुठभेड़ जब थमी तो इसमें एक महिला सहित तीन नक्सलियों के शव बरामद किए गए। उन्होंने कहा कि राज्य की राजधानी रायपुर से लगभग 150 किलोमीटर दूर स्थित मुठभेड़ स्थल पर एक एक्स -95 राइफल, एक एसएलआर राइफल और देसी हथियार भी पाए गए। बताया गया कि एसएसबी के एक हेड कांस्टेबल को कार्रवाई के दौरान मामूली चोटें आईं। अधिकारी ने कहा कि उन्हें अंतागढ़ के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत खतरे से बाहर है।

## संक्षेप समाचार

### नए यमुना पुल पर सड़क हादसे में शिक्षक की मौत

**प्रयागराज।** नया यमुना पुल पर सोमवार सुबह किसी तेज रफ्तार वाहन ने बाइक सवार शिक्षक को जोरदार टक्कर मार दी। बाइक की रिम टूट जाने से शिक्षक गाड़ी लेकर डिवाइडर से भिड़ गए। एक्सीडेंट इतना जबरदस्त हुआ कि हेलमेट भी उनकी जान नहीं बचा सकी। मौके पर ही उनकी मौत हो गई। सड़क हादसे की सूचना पर मौके पर पहुंची कीडगंज पुलिस ने विधिक कार्रवाई की। घटना की जानकारी मिलते ही उनके परिवार में कोहराम मचा रहा। कोरांव थाना क्षेत्र के मझिगवा शिवपुर गांव निवासी रोहिणी दत्त शुक्ला के दो बेटों में बड़े गणेश दत्त शुक्ल (30) दारागंज में कमरा लेकर रहते थे। वहीं से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते थे। पिछले महीने ही उनकी सहायक शिक्षक भर्ती के तहत कोरांव स्थित प्राथमिक विद्यालय में नियुक्ति हुई थी। सोमवार सुबह विद्यालय जाने के लिए बाइक लेकर निकले। अभी वह नए यमुना पुल पर पहुंचे ही थे कि पीछे से आए किसी वाहन ने उनको चपेट में ले लिया। गाड़ी लेकर डिवाइडर से टकरा गए और मौके पर ही गणेश दत्त शुक्ल की मौत हो गई। आसपास के लोग घटनास्थल पर पहुंचे, लेकिन तब तक चालक वाहन लेकर भाग निकला था। कोहरा होने के कारण लोग न तो वाहन देख सके और न ही उसका नंबर। सूचना मिलने पर पहुंची कीडगंज पुलिस ने गणेश के पास से मिले कागजात से उनके परिजनों को सूचना दी।

### सिंचाई विभाग चार करोड़ से कराएगा माघ मेले का काम

**प्रयागराज।** माघ मेला सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए मेला प्रशासन की ओर से तैयारियां शुरू हो गई हैं। पीडब्ल्यूडी, सिंचाई विभाग, बिजली विभाग सहित अन्य विभागों की ओर से तैयारियां तेज हो गई हैं। टेंडर भी निकाले जा रहे हैं। संबंधित विभाग माघ मेला में खर्च का बजट भी मेला प्रशासन को उपलब्ध कराने लगा है। सिंचाई विभाग की ओर से माघ मेला में काम कराने के लिए इस बार 4.27 करोड़ रुपए खर्च का अनुमानित बजट मेला प्रशासन को भेजा है। इस बजट से सिंचाई विभाग कटान रोकने, गहराई बढ़ाने और जेटी का निर्माण कराने सहित कई कामों को कराएगा। सिंचाई विभाग के सहायक अधिशासी अभियंता ने बताया कि माघ मेला की तैयारियों में सिंचाई विभाग की ओर से अनुमानित खर्च का प्रोजेक्ट तैयार कर प्रशासन मेला प्रशासन को भेजा जा चुका है। काम कराने के लिए टेंडर निकाल दिया गया है। एक सप्ताह के भीतर टेंडर खोलकर जिम्मेदार ठेकेदारों से मेला का काम शुरू करा दिया जाए। कटान तेज होने के कारण मेला की तैयारियां लगातार प्रभावित हो रही है ,जिस को ध्यान में रखते हुए सिंचाई विभाग को काम में तेजी लाने का निर्देश मेला प्रशासन की ओर से दिया गया।

# दातून तोड़ते समय करंट की जद में आने से प्रधानपुत्र की मौत

## होलागढ़ के मैरी ग्राम पंचायत के प्रधान है राम नारायण सरोज, घटना के बाद लोगों ने पीड़ित परिजन को बंधाया ढांढस

**होलागढ़।** नीम के पेड़ से दातून तोड़ते समय करंट की जद में आने से मैरी प्रधानपुत्र की मौत हो गई। प्रधानपु.की करंट हुई मौत की खबर जैसे ही इलाके में पहुंची तो खलबली मच गई। सूचना पाकर लोगों का प्रधान के घर पर मजमा लग गया। शव का परिजन पीएम न कराते हुए पुलिस से पंचनामा कर अंतिम संस्कार कर दिया गया। उधर प्रधान पुत्र की मौत के बाद ब्लाक कर्मी समेत समाजेसवी घर पहुंचकर पीड़ित परिजन को ढांढस बंधाया।

होलागढ़ ब्लाक से जुड़ा मैरी ग्राम पंचायत का राम नारायण सरोज प्रधान है। प्रधान राम नारायण सरोज के चार पुत्रों में सबसे छोटा पुत्र अजय कुमार उर्फ कल्लू (18) इंटर का छात्रा है। बताया जाता है ि कवह सोमवार की सुबह छत पर चढ़कर नीम के पेड़ से दातून तोड़ रहा था। छत के रेलिंग पर विद्युती झालरों की दीपावली पर सजावट के लिए लगाया गया था। जिसमें से


करेंट से युवक की मौत के बाद जुटी ग्रामीणों की भीड़ व इनसेट में मृतक की फाइल फोटो

रेलिंग में बिजली का करंट प्रवाहित चल रहा है। करंट की जब में आने से प्रधानपुत्र अजय कुमार उर्फ कल्लू बुरी तरह से झुलसकर गिर पड़ा। करंट से झुलसने के बाद परिजन आनन-फानन उपचार के लिए अस्पताल ले गये। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिये। सूचना जब इलाके में पहुंची तो लोगों का प्रधान के घर पर मजमा लग गया। परिजन द्वारा पुलिस से पंचनामा के बाद शव का अंतिम संस्कार श्रृंगवेरपुर गंगा घाट पर कर दिया गया। वहीं घटना के बाद से ही मृतक परिजन का रो-रोकर बुरा हाल रहा।

### नवाबगंज पुलिस ने पांच अभियुक्तों को किया गिरफ्तार, भेजा जेल

**नवाबगंज।** नवाबगंज पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार करते हुए कार्रवाई की है। नवाबगंज इंस्पेक्टर सुरेश सिंह के मुताबिक मुखबिर की सूचना पर पुलिस द्वारा दुल चंद्र पुत्र राम चंद्र एवं महेंद्र कुमार पुत्र राम सजीवन एवं लालजी उर्फ धर्मेन्द्र पुत्र राम दुलारे निवासीगण चफरी नवाबगंज को 40 लीटर अवैध कच्ची शराब एवं आधा किलो यूरिया खाद के साथ धर दबोचा। इसीक्रम में पुलिस वांक्षित अभियुक्त अंकित कुमार एवं उसके भाई शिव बाबू पुत्रगण लालजी निवासी अभियुक्तों को गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया है।

### आनापुर पुलिस चौकी के समीप सराफा की दुकान से चोरों ने हजारों का किया माल पार, खलबली

**नवाबगंज।** बीती रात को आनापुर पुलिस चैकी से महज पांच सौ मीटर की दूरी से सराफा की दुकान का शटर तोड़कर अंदर घुसकर हजारों की चोर सामान खंगाल ले गये। सुबह जब दुकान का स्वामी पहुंचा तो शटर खुला देखकर दंग रह गया। सूचना पर पहुंची मामले की जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। हालांकि पुलिस चोरी मामले में जल्द ही खुलासा करने का दावा की रही है। थाना नवाबगंज आनापुर निवासी रमेश सोनी सराफा की दुकान खोल रखा है। बीती रात को अज्ञात चोर दुकान का शटर तोड़कर हजारों का माल पार कर दिये। घटना के बाद सोमवार की सुबह लोगों में खलबली मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। फिलहाल पुलिस चोरों का पता लगाने में जुट गई है। जबकि नवाबगंज आनापुर चैकी के समीप हुई सराफा की दुकान से चोरी मामले को लेकर लोगों में हड़कंप मचा हुआ है। इलाके में बढ़ती चोरी की घटनाओं से लोगों में हड़कंप मचा हुआ है।

# तीन दिन से लापता किशोरी का कुएं में मिला शव, परिजनों में मचा कोहराम

**हण्डिया।** हंड़िया कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले उन्नाव (घाटमपुर) गांव में एक 18 वर्षीय किशोरी की कुएं में शव मिलने से हड़कंप मच गया है। घाटमपुर गांव निवासी सती कुमारी पुत्री पुजारी पाल उम्र 18 वर्ष जो पिछले 3 दिनों से घर से लापता थी। और परिजन लगातार उसका अपने रिश्तेदारों के यहां खोजबीन कर रहे थे। लेकिन उसका कोई पता नहीं चला, जब सोमवार की सुबह परिजन ने घर के पिछवाड़े स्थित एक कुएं के पास गए। तो वहां से उन्हें दुर्गंध आने लगी, जब परिजनों ने जाकर देखा तो वह किशोरी का शव था। जिसके बाद गांव में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची हंडिया पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं परिजनों


गांव वालों से पूछताछ करती पुलिस व इनसेट में मृतका की फाइल फोटो

का कहना है कि किशोरी की मानसिक संतुलन ठीक नहीं था।

किशोरी छ बहन और एक भाई में सबसे छोटी सातवें नंबर पर थी। उसकी चार बहनों की शादी हो चुकी है। वही किशोरी की मौत से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

# जसरा में आग से गृहस्थी स्वाहा पांच लाख का हुआ नुकसान

## दंपत्ति खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर

**जसरा।** जसरा के एक गांव में देर रात कच्चे मकान में लगी आग से पूरी गृहस्थी जलकर स्वाहा हो गई। सुबह पहुंचे दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। जसरा के रेरा गांव में सुशील मालवीय का चार कमरे का दो मंजिला कच्चा मकान है। रविवार की रात को सुशील मालवीय अपनी पत्नी के साथ खाना खाकर सो गए । देर रात लगभग 12:00 बजे संदिग्ध परिस्थितियों में कच्चे खपरैल में आग लग गई तथा देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग लगने से गर्माहट का अहसास होते ही दोनों पति पत्नी भाग कर घर के बाहर आ गए तथा शोर मचाने लगे । दमकल विभाग को भी सूचना दी गई। ग्रामीणों के सहयोग से कुछ देर बाद आग पर काबू पा लिया गया। वहीं गांव में दमकल पहुंचा लेकिन सुशील मालवीय के घर तक रास्ता ना होने के कारण दमकल की गाड़ी वापस चली गई। ग्रामीणों ने आग पर काबू पा लिया था। लेकिन अभी भी धुआं निकल रहा था। सोमवार की भोर में एक बार फिर


आगम में जलकर खाक गृहस्थी

आग बुझाने के बाद भी बची रह गई राख से आग धधक उठी तथा पूरी गृहस्थी को जलाकर राख कर दिया । बाद में एक बार फिर दमकल की छोटी गाड़ी मौके पर पहुंची तथा किसी तरह आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि आसपास के घरों को आग ने चपेट में नहीं लिया। सुशील मालवीय के घर में रखा अनाज, कपड़ा, सोने चांदी के गहने, बर्तन व 10000 नगदी सहित लगभग पांच लाख रुपए का सामान जलकर राख हो गया । सुशील मालवीय की एक पुत्री है जिसका विवाह हो चुका है। पति पत्नी आसमान के नीचे रहने को मजबूर हो गए हैं।

# निजीकरण बन्द करे सरकार : भागीदारी संकल्प मोर्चा


ज्ञापन सौंपते पार्टी के कार्यकर्ता

**खीरी।** प्रत्येक सोमवार की तरह जन अधिकार पार्टी के कार्यकर्ताओं ने भागीदारी संकल्प मोर्चा के तत्वाधान में कोराव उप जिलाधिकारी को माननीय बाबू सिंह, जन अधिकार पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष के दिशा निर्देशों में वर्तमान समय में जनमानस में हो रही जनसमस्याओं को रोकने से संबंधित 11 सूत्री ज्ञापन दिया। जिसमे बेरोगारो को रोजगार देना, डीजल- पेट्रोल का बढ़ी हुई रेट को कम करना, आवारा पशुओं से किसानों के फसलों का सुरक्षा करना, लाक डाऊन से सम्बन्धित समस्याओं को रोका प्रमुख रहा। यह ज्ञापन पूरे कोरोना काल में प्रत्येक सोमवार को दिया जाता रहा। उसी क्रम में इस सोमवार को 19वां ज्ञापन रहा ।उक्त ज्ञापन जन अधिकार पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी अनुज कुमार द्वारा कोराव उप जिलाधिकारी को दिया गया। ज्ञापन के दौरान डॉ महेश कुशवाहा प्रभारी, कौर आदिवासी, राम अशीष कुशवाहा, शशिकांत एडवोकेट समेत कई लोग मौजूद रहे।

# आगामी चुनाव को लेकर सपाइयों ने मांगे एमएलसी पद के प्रत्याशी हेतु वोट

**खीरी।** आगामी एमएलसी चुनाव को लेकर प्रदेश भर में सरगर्मी तेज हो गई है' जिसके तहत प्रत्याशी एवं उनके समर्थक जगह-जगह जाकर मतदाताओं से मिलकर प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इसी क्रम में समाजवादी पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष कोराव लल्लन सिंह पटेल द्वारा खीरी, लेडियारी, रतेवरा मोड, जोरवट, इटवा, लालतारा, कौदी, छापर, ऊचगाव, आज गांव में जाकर एमएलसी पद प्रत्याशी डॉक्टर मान सिंह यादव के पक्ष में मतदान की अपील की एवं कहां की यह चुनाव समाजवादी पार्टी बड़े अंतराल से जितने जा रही है जिसमें आप सब का सहयोग अत्यंत जरूरी है' भारतीय जनता पार्टी की सरकार मे किसानों, नौजवानों, एवं गरीब लोगों का शोषण किया जा रहा है एवं महंगाई चरम सीमा पर है एवं लोगों को आपस में धर्म के नाम पर लड़ा कर गद्दी पर बैठने का काम कर रही है। आगामी 1 दिसंबर को सभी मतदाता कोराव पहुंचकर ज्यादा से ज्यादा सपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करें। उक्त मौके पर मुख्य रूप से मासूक अहमद, विजय केसरी, बद्री यादव, बाबा चौरसिया, नसीम अहमद, रामानुज यादव, पवन सिघाल, बबलू गुप्ता, जटासंकर मिश्र, अनिल मौर्या, बृजेश कुमार, दीपक यादव, गोपी सोनी, मनीष कुशवाहा आदि लोग उपस्थित रहे।

# एक दर्जन के विरुद्ध मार पीट छिनैती का मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा के ग्राम मदारी में एक पक्ष ने कातिलाना हमले का मुकदमा दर्ज कराया था तो दूसरे पक्ष ने भी मार पीट मोबाइल छिनैती का मुकदमा एक दर्जन के खिलाफ दर्ज करा दिया है।

मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम मदारी में एक पक्ष ने कातिलाना हमले करने का आरोप लगाते हुए चार नामजद पांच अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। जबकि दूसरे पक्ष के सर्वेन्द्र सिंह पुत्र अनन्त बहादुर सिंह का आरोप है कि उनकें विपक्षी एक राय होकर आए और कूडा फेंकने के विवाद को लेकर धमकी दिए कि तुम्हारा लडका कत्ल में जेल में बंद है हम लोग तुम्हारी हत्या कर देगें। सर्वेन्द्र सिंह का आरोप है कि उसे लात घूसों और डंडों से मारा पीटा गया एंव कपडे फाड दिए गए । तथा उनकी भतीजी दीपाली को पकड कर घसीटा गया और मोबाइल छीन ले गए। सर्वेन्द्र सिंह ने मऊआइमा थाने में राघवेन्द्र सिंह उर्फ टीपू, सत्येन्द्र सिंह, अशोक सिंह, युवराज सिंह, नीरज सिंह उर्फ मोनू, वीरेंद्र सिंह, प्रतिभा सिंह, रजनी सिंह, कोमल सिंह, कीर्ति सिंह, सपना सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

### सफाई कर्मी नदारद लगा कूड़ों का ढेर

**करछना।** विकास खंड के ज्यादात्तर गावो मे सफाईकर्मियो न पहुचने से गावों मे कूडो का ढेर और नालिया बजबजा रही हैएसफाई कर्मियो का गाव मे डियूटी तो लगी रहती है लेकिन शायद कई महीनो मे दिखाई पड जाए तो गाव का सौभाग्य है वो भी सफाई के लिए नही बल्कि प्रधान के घर हाजिरी लगाने के लिए पहुचते है ।करछना मे सैकडो सफाई कर्मी तैनात है लेकिन गांवो की हालत देखकर ही लगता है कि गंदगी कभी हटाई नही गई है तो सफाई कर्मी का क्या मतलब हैएकभी कभार शिकायत होने पर सफाई कर्मी खुद काम न करके अपनी जगह दूसरे मजदूर को लगाकर सफाई करवाते है जिससे गाव के लोग गांव क सफाई कर्मी को पहचान भी नही पाते।

# नहर में पानी न आने से नहीं हो पा रहा खेतों का पलेवा

**करछना।** गेहूं के बुवाई का समय 15 नवंबर से 15 दिसंबर के बीच की जाती है। नहरों मे पानी न आने के कारण समय से किसान अपने खेतों का पलेवा नहीं कर पा रहे हैं जिससे किसान परेशान हैं कि यदि समय से खेतों का पलेवा नहीं हुआ तो गेहूं की बवाई पिछड़ जायेगी। करछना राजबहा, भुण्डा राजबहा, कैथी राजबहा से जुड़े सैकड़ों गांवों के किसानों को नहर में पानी न आने से दिक्कत उठानी पड़ रही है। क्षेत्र के सोनाई गांव के किसान कुंवर सिंह और इसौटा के अजय सिंह ने बताया कि जब पानी की आवश्यकता नहीं थी तब नहरों मे पर्याप्त पानी दिया जा रहा था जिससे कई जगह नहरें टूट गयी और किसानों की कटे धान की फसल डूब गयी थी जिससे किसानों को भारी नुकशान उठाना पड़ा था। इस समय गेहूं के बुवाई के लिए खेतों के पलेवा की आवश्यकता है तब नहरों मे पानी नदारत है। जिससे किसानो को गेहूं की बुवाई पिछड़ने का अन्देशा सताने लगा है। इसका सीधा प्रभाव पैदावार पर पड़ेगा जिससे किसानों को दोहरी मार झेलनी पड़ेगी वहीं विभागीय अधिकारियों के उदासीनता के चलते किसानों को समय पर पानी नहीं मिल पाता जिसको लेकर किसानों मे गहरी नाराजगी व्याप्त है।

### जमीनी विवाद में मारपीट, छप्पर में आगजनी का आरोप

**उतरांव।** उतरांव थाना क्षेत्र के धंसीपुर गांव में जमीन के विवाद में दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गयी ।आरोप है कि विवाद के बाद छप्पर में आग लगाई गयी। बताया जाता है कि धंसीपुर गांव निवासी रमेश यादव और पड़ोस के विद्यवासनी यादव के बीच जमीन का विवाद काफी दिनों से चल रहा है। जिसका न्यायालय में मुकदमा भी विचाराधीन है। जिसकी नापजोख के लिए रविवार को सर्वे कमीशन की देखरेख में जमीन की नापजोख हो रही थी। इसी बीच रमेश यादव और विद्यवासनी के बीच विवाद हो गया ।देखते ही देखते विवाद विकराल रूप पकड़ लिया ।जिसमे आरोप है कि एक पक्ष ने दबंगई के बल पर अपने परिवार के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर छप्पर में आग लगा दी। जिसमे छप्पर चलकर खाक हो गया। सूचना पर डायल 112 पुलिस और उतरांव पुलिस पहुचकर मामले की जांच कर कार्यवाही करने की बात कही।

# दीप प्रज्वलन के साथ 23वें जमुनापार महोत्सव का हुआ शुभारंभ

**करछना।** क्षेत्र के रामपुर स्थित श्रीबृज मंगल सिंह इंटर कालेज में आयोजित 23वें जमुनापार महोत्सव का सोमवार को कलश पूजन और दीप प्रज्वलन के सात उद्धघाटन सम्पन्न हुआ ।पांच दिवसीय महोत्सव का उद्धघाटन कारगिल शहीद संतोष तिवारी की पत्नी मंजू तिवारी और आतंकी हमले में शहीद गिरीश शुक्ल की पत्नी कविता शुक्ला ने कलश पूजन और दीप प्रज्वलन कर उद्धघाटन किया ।इस मौके पर मौजूद कथा प्रवाचक स्वामी विनोदानंद जी महाराज ने कहा कि यह महोत्सव अपनी माटी,परिपाटी संस्कृति और संस्कार की अलख जगाता हुआ जमुनापार का प्रतिदर्श बन चुका है ।उन्होने कहा कि जहां सुमति तंह संपति नाना,जहां कुमति तंह विपति



शहीद की पत्नियों को सम्मानित करते हुए

निदाना ।अर्थ यह है कि यह महोत्सव भी सुमति के चलते इतने प्रवुद्धजनो, समाजसेवियों, युवा कलाकारों को एक मंच से जोड़कर अपनी विभूतियों का सम्मान कर रहा है ।इसके लिए एक ही प्रीति,रीति और नीति को लेकर चलने वाले संयोजक डा0 भगवत पाण्ड़ेय की जितनी प्रशंसा की जाए वह कम है ।इसके पूर्व आकाशवाणी के कलाकार त्रिभुवन नाथ गौड़ द्वारा प्रस्तुत गीत बोले हनुमान,भगवन कहवां जाई। सुनकर श्रोता भाव विभोर हो उठे। बृजभान यादव और मोहिनी श्रीवास्तव द्वारा प्रस्तुत वंदना भी खूब सराही गई। प्रधानाचार्य मनीष तिवारी ने सभी आगंतुको के प्रति स्वागत आभार प्रकट किया ।पंच दिवसीय महोत्सव की कार्य योजना बताते हुए व्यवस्थापक अशोक बेशरम ने जमुनापार वासियों से महोत्सव को सफल बनाने की अपील की। संचालन वरिष्ठ गीतकार राजेन्द्र शुक्ल ने किया। इस मौके पर गोपाल कृष्ण त्रिपाठी, बेद श्रीवास्तव, श्यमा लाल बेगाना, राम लोचन सांवरियां, लव कुमार पाडेय, राम भवन द्विवेदी आदि रहे।

## संक्षेप समाचार

### झांसी स्नातक विधायक प्रत्याशी के पक्ष में हुई बैठक जनसंपर्क

**मऊआइमा।** झांसी स्नातक विधायक पद के सपा प्रत्याशी डाक्टर मान सिंह यादव के पक्ष में मऊआइमा में बैठक हुई जिसमें सपा प्रत्याशी को जिताने के लिए सभी को जुट जाने की अपील की गई। स्नातक विधायक पद के सपा प्रत्याशी डाक्टर मान सिंह यादव के पक्ष में मऊआइमा के ब्लाकबाजार में एक चुनावी बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सभी सेक्टर प्रभारियों को जुट जाने की अपील की गई। बैठक में पुरानी पेंशन बहाली ,वित्त विहीन शिक्षकों की समस्या, बढती बेरोजगारी, शिक्षा मित्रों एंव प्रेरकों की समस्याओं पर भाजपा सरकार की नीतियों की आलोचना की गई। तथा सम्पूर्ण शिक्षा व्यवस्था को ध्वस्त करने का आरोप मौजूदा सरकार पर लगाया गया। और स्नातक विधायक पद के सपा प्रत्याशी को भारी मतों से जीताने की अपील की गई। इस अवसर पर पूर्व विधायक सत्यवीर मुन्ना, पूर्व चेयरमैन शोएब अंसारी, मेराज आरिफ, गीता पासी, सुभाष यादव, शकील अहमद, शमीम उद्दीन उर्फ बच्चा, साजिद ,रामचन्द्र यादव, गुलाम हैदर, हरिशचन्द्र आदि सपाई उपस्थित रहे।

# पूर्व ब्लाक प्रमुख के तीन मंजिला इमारत में चला पीडीए का बुलडोजर

## विरोध करने पर एक युवक को पिस्टल समेत पुलिस ने किया गिरफ्तार

**नैनी।** उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा माफियाओं व भू-माफियाओं के खिलाफ जारी कार्रवाई के तहत सोमवार को एक बार फिर औद्योगिक क्षेत्र स्थित आईटीआई कंपनी गेट के समीप पूर्व ब्लाक प्रमुख दिलीप मिश्रा के तीन मंजिला इमारत को प्रयागराज विकास प्राधिकरण ने कार्रवाई करते हुए धराशायी कर दिए। विरोध करने पर एक युवक को पुलिस ने पिस्टल समेत हिरासत में लेकर थाने उठा लाई। इससे पूर्व भी बाहुबली एवं पूर्व ब्लाक प्रमुख के मकान व लाज पर कार्रवाई की जा चुकी है।

जानकारी के मुताबिक औद्योगिक क्षेत्र के लवायन कला गांव के रहने वाले गोपाल मिश्रा के पुत्र दिलीप मिश्रा विकासखंड चाका के पूर्व ब्लाक प्रमुख रह चुके हैं और उनकी पत्नी अर्चना मिश्रा वर्तमान में जिला पंचायत सदस्य हैं। बसपा शासन-काल के दौरान कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता ' नन्दी ' के ऊपर रिमोट बम से जानलेवा के आरोपी एवं पूर्व ब्लाक प्रमुख दिलीप मिश्रा के कॉलेज से बीते कुछ माह पूर्व सुल्तानपुर के शार्प शूटर व एक लाख के इनामिईया नीरज सिंह उर्फ अखंड प्रताप और उनके पुत्र शुभम मिश्रा को पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिए थे। वहीं पुलिस की पकड़ से फरार चल रहे दिलीप मिश्रा को गठित टीम ने गिरफ्तार कर केंद्रीय कारागार नैनी जेल के निरूद्ध कर दिए गए थे। कुछ दिनों के बाद केंद्रीय कारागार नैनी से दिलीप मिश्रा को फतेहगढ़ जेल में दाखिल कर दिया गया और वह वर्तमान में उक्त जेल में बंद हैं। जिला प्रशासन ने दिलीप मिश्रा के अवैध संपत्ति को चिन्हित करते हुए बीते कुछ माह पूर्व लवायन कला गांव में निर्माण किए गए संपत्ति को सील कर दिए थे। इसके कुछ दिन बाद डेज मेडिकल तिराहे के समीप स्थित लॉज को प्रयागराज विकास प्राधिकरण ने धराशायी कर दिए थे। सोमवार को एक बार फिर औद्योगिक क्षेत्र के आईटीआई कंपनी गेट के समीप दिलीप मिश्रा के तीन मंजिल इमारत पर कार्रवाई की गई। लगभग 350 वर्ग गज में बने तीन मंजिला इमारत के पहले मंजिल में दुकानें, दूसरे तल पर बैंक व तीसरे फ्लोवर पर लॉज का निर्माण किया गया था। प्रयागराज विकास प्राधिकरण से जुड़े अधिकारियों ने वर्षों पूर्व बनें इमारत को बिना नक्शा पास कराए जाने का हवाला देते हुए चार जेसीबी मशीन के द्वारा जमींदोज कर दिए। कार्रवाई के दौरान औद्योगिक क्षेत्र के मियां का पूरा गांव निवासी नवनील मिश्रा ने विरोध किया तो पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया। पुलिस के मुताबिक उसके कब्जे से एक पिस्टल भी बरामद किया गया है। बताया जाता है कि उक्त युवक के पास से बरामद पिस्टल लाइसेंसी है। बता दें की एक दर्जन संपत्तियों को शासन की ओर से जब्त किया गया है।और दिलीप मिश्रा के खिलाफ 46 आपराधिक मुकदमें दर्ज है। वहीं परिजनों के मुताबिक अधिकत्तर दर्ज मुकदमें समाप्त हो चुके हैं।



तीन मंजिला मकान ढहाता पीडीए का जेसीबी

# तकनीकी सहायकों की तकनीकी दक्षता बढ़ाने हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**प्रयागराज।** स्टाफ आफिसर, कार्यालय संयुक्त विकास आयुक्त ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया है कि सोमवार को संयुक्त विकास आयुक्त, प्रयागराज मण्डल, प्रयागराज की अध्यक्षता में प्रयागराज मण्डल के जनपद कौशाम्बी, प्रतापगढ़ एवं फतेहपुर के समस्त तकनीकी सहायकों की तकनीकी दक्षता बढ़ाने के उद्देश्य से कोविड-19 के दिशा-निदेर्शों का पालन करते हुए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम कार्यालय जिला पंचायत सभागार, प्रयागराज में आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ उपायुक्त, श्रम रोजगार प्रयागराज कपिल कुमार के उद्बोधन से हुआ। तत्पश्चात ग्राम्य विकास, उ0प्र0 लखनऊ से आये प्रशिक्षक जमाल अहमद सहायक अभियन्ता एवं मानिक चन्द्र जी राज्य गुणवत्ता मानीटर द्वारा मनरेगा से संबंधित समस्त कार्यों के निर्माण के समय रखी जाने वाली सावधानी एवं मानकों पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला गया। मण्डलीय प्राविधिक परीक्षक, टी0ए0सी0, ग्राम्य विकास, प्रयागराज मण्डल, प्रयागराज सुनील कुमार गिरि द्वारा भी तकनीकी सहायकों को कार्य प्रक्रिया एवं इसमें आने वाली त्रुटियों के विषय में विस्तार से बताया गया। साथ ही तकनीकी सहायकों के प्रश्नों का अक्षरशः समाधान किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में बबिता सिंह, स्टाफ माफिसर, कार्यालय संयुक्त विकास आयुक्त, प्रयागराज मण्डल, उपायुक्त श्रम रोजगार, फतेहपुर पुतान सिंह, लक्ष्मण प्रसाद परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण/उपायुक्त श्रम रोजगार कौशाम्बी व अजय पाण्डेय आदि अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# लवायन कला में अजगर निकलने से मचा हड़कंप

**नैनी।** औधोगिक क्षेत्र के लवायन कला गांव में सोमवार को आजगर के निकलने से भारी हड़कंप मच गया। ग्रामीणों के अथक प्रयास से उसे पकड़कर 112 नंबर पुलिस को सौंप दिए। जानकारी के मुताबिक सोमवार सुबह लवायन कला गांव के रिहायशी इलाके स्थित एक लगभग 10 फीट का अजगर सड़क से गुजरता हुआ दिखाई पड़ने पर जब लोगों ने उसे पकड़ने का प्रयास किया तो वह एक मंदिर के समीप 15 से लेकर 20 फीट गहरे गड्ढे में चला गया और एक गहरे बिल में प्रवेश करने लगा तो ग्रामीणों ने घंटों प्रयास के बाद उसे हाथों से पकड़ कर बाहर निकाल कर सड़क पर ले आए। जैसे ही उसको बोरे में भरने का प्रयास करने लगे तो उसके मुख से एक मृत जानवर निकला। बताते हैं कि मृत जानवर कब्र बिज्जू था वह जमीन के अंदर रहने वाले जीव जंतु एवं सड़ी गली शवों का सेवन करते हैं। मौका पाते ही अजगर उसे निगल लिया था। हालांकि ग्रामीणों ने अजगर को एक बोरे में भरकर मौके पर पहुंची 112 नंबर की पुलिस को सौंप दिए।



अजगर का दृश्य

## दिसंबर माह में होने वाले शादियों पर संकट मंडराया

**प्रयागराज।** कोरोना महामारी की वजह से एक बार फिर दिसंबर माह में होने वाले शादियों पर संकट मंडराता नजर आ रहा है। जैसे-जैसे ठंडक बढ़ रही है वैसे वैसे कोरोना वैश्विक महामारी भी पांव पसारता जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने कोविड-19 के खराब हालात को देखते हुए चार राज्यों से जवाब मांगा है। वहीं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी लखनऊ के साथ जिल के कई शहरों में कोरोना महामारी का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। इसी के मद्देनजर राज्य सरकार ने नई गाइडलाइन के तहत नवंबर-दिसंबर और जनवरी माह में होने वाले शादी-विवाद समारोह के लिए एक नयी गाइडलाइन जारी की है। उन्होंने कहा है कि शादी में 100 लोग शामिल होंगे। बैंड और डीजे पर पूर्ण रूप से पाबंदी रहेगी। मैरिज होम की क्षमता 100 अगर है तो उसमें 50 लोग ही शामिल होंगे। उल्लंघन करने वालों पर मुकदमा भी दर्ज कराया जायेगा। शादी-समारोह के अंदर बुजुर्ग और बीमार लोगों को आमंत्रित नहीं किया जायेगा। कोविड प्रोटोकॉल का उल्लंघन करने पर धारा 144 और 188 के तहत कार्यवाही की जायेगी वहीं घर में शादी है तो जिला प्रशासन से कोई अनुमति नहीं ली जायेगी। इसकी जानकारी पास के थाने को दी जायेगी और उनसे ही अनुमति ली जायेगी। ऐसे में अब कोरोना ग्रहण शादी-विवाह पर भी मंडराने लगा है।

### प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अन्तर्गत माह नवम्बर में प्रति यूनिट 05 कि0ग्रा0 की दर से गेहूँ का किया जायेगा निःशुल्क वितरण

**प्रयागराज।** जिला पूर्ति अधिकारी ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अवगत कराया है कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अन्तर्गत माह नवम्बर, 2020 हेतु 03 कि0ग्रा0 गेहूँ तथा 02 कि0ग्रा चावल निःशुल्क प्रति व्यक्ति के स्थान पर अब मात्र 05 कि0ग्रा0 गेहूँ प्रति यूनिट की दर से निःशुल्क वितरण कराये जाने के निर्देश दिये गये है। कार्डधारक अपने विकेता से अनुमन्य खाद्यान्न प्राप्त कर लें। जनपद के समस्त सम्बन्धित उचित दर विकेताओं को निर्देशित किया जाता है कि निःशुल्क 05 कि0ग्रा0 गेहूँ प्रति यूनिट की दर से कार्डधारकों को एवं पूर्व की भाँति 01 कि0ग्रा0 चना प्रति कार्डधारक वितरण करना सुनिश्चित करें। पोर्टेपिलिटी अनुमन्य नहीं है। यदि इसमें विकेता द्वारा किसी प्रकार की अनियमितता बरती जाती है, तो उसके विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी। साथ ही समस्त पूर्ति निरीक्षक/क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी को निर्देशित किया जाता है कि वितरण पर प्रभावी नियंत्रण बनाये रखें।

# स्मार्ट सिटी बनाने के लिए ध्वस्त हो रहे हैं सड़कों के किनारे बने मंदिर मस्जिद

**प्रयागराज।** प्रयागराज को स्मार्ट सिटी बनाने के लिए शासन प्रशासन की ओर से हर तरह का प्रयास जारी है। सड़कों का चौड़ीकरण तथा अवैध तरीके से निर्माण कार्य को भी हटाया जा रहा है। इसको लेकर प्रयागराज विकास प्राधिकरण ने बैठक कर के सड़क किनारे आने वाले अवरोधों को बुल्डोजर द्वारा गिराकर सड़क चौड़ीकरण किया जा रहा है। भोर में हाईकोर्ट पानी टंकी के पास प्राचीन अष्टभुजी माता का मंदिर पीडीए के आलाधिकारियों ने भारी पुलिस बल के साथ जेसीबी लगाकर ध्वस्तीकरण कर दिया। अधिकारियों ने मंदिर को दूसरी जगह शिफ्ट जरूर कर दिया है लेकिन हाईकोर्ट चौराहे के पास न्यायवादी हनुमान मंदिर भी इसकी चपेट में आ गए। विकास प्राधिकरण ने हनुमान मंदिर के अगल-बगल बाउण्ड्री को गिरा दिया है। दोनो मंदिर के ध्वस्तीकरण के बाद सोमवार की सुबह जब लोगों ने सड़क पर मंदिर नहीं पाया तो तरह-तरह की चचाएं होने लगीं।

बताया जाता रहा है कि प्रयागराज जिले को स्मार्ट सिटी बनाने को लेकर शहर की सड़कों का चौड़ीकरण किया जा रहा है। इस चौड़ीकरण के दौरान सड़क किनारे आने वाले मंदिर, मस्जिद तथा अवैध तरीके से दुकान लगाये लोगों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए ध्वस्तीकरण किया जा रहा है।

# अक्षय नवमी पर महिलाओं ने आंवला वृक्ष का किया पूजा अर्चना

**प्रयागराज।** कार्तिक शुक्ल नवमी के पावन पवित्र अवसर पर सोमवार को आंवला नवमी का पूजन विधि विधान से किया गया। इस व्रत और पूजन का महत्व संतान प्राप्ति एवं सुख सौभाग्य के लिए बहुत होता है। श्रीमती कीर्तिका सिंह, श्वेता तिवारी और रीता श्रीवास्तव ने बताया कि 108 बार आंवला वृक्ष की परिक्रमा लगाकर श्रद्धा पूर्वक अनुष्ठान करने पर परिवार में सुख समृद्धि रहती है। इस अवसर पर मातृ - स्नेह फाऊंडेशन तथा भारत विकास परिषद के अध्यक्ष नागेंद्र सिंह ने सभी मातृ शक्तियों को पवित्र पूजन के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दी तथा कोरोना के बढ़ते हुए प्रकोप से बचने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश तथा सुझाव दिए। तथा 2 गज की दूरी और मास्क जरूरी है के सिद्धांत को अपनाने के लिए कहा।



आंवला वृक्ष का पूजन अर्चन करती महिलाएं

# महाप्रबंधक राजीव चौधरी, ने नई दिल्ली में क्रू लॉबी और रनिंग रूम का निरीक्षण किया

## निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक के साथ आगरा मंडल के सीनियर डीईई व अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे



निरीक्षण करते उमरे महाप्रबंधक

**प्रयागराज।** सोमवार को महाप्रबंधक राजीव चौधरी ने नई दिल्ली स्थित उत्तर मध्य रेलवे की क्रू लॉबी और रनिंग रूम का निरीक्षण किया। उत्तर अध्य रेलवे की क्रू लॉबी नई दिल्ली से कोचिंग ट्रेनों के संचालन के लिए अतिमहत्वपूर्ण क्रू बुकिंग प्वाइंट है और यह दैनिक आधार पर औसतन 320 ओरिजनेटिंग और टर्मिनेटिंग कोचिंग ट्रेनों के क्रू को संचालित करती है।

ट्रेनों के संरक्षायुक्त और समयपालनयुक्त संचालन के लिए यह अत्यंत आवश्यक है कि इन ट्रेनों में काम करने वाले चालक दल नवीनतम संरक्षा और परिचालन के निदेर्शों से लैस हों। इस उद्देश्य तथा कोविड -19 से अपनी वर्कफोर्स को सुरक्षित रखने के लिए, उत्तर मध्य रेलवे ने चालक दल के लिए फिजिकल काउंसलिंग की जगह कंप्यूटर आधारित परामर्श प्रणाली शुरू की है। इस कंप्यूटर आधारित और वस्तुनिष्ठ मूल्यांकन से संबंधित लोको इंस्पेक्टर को चालक दल का कंप्यूटर आधारित आंकलन और ड्राइविंग स्किल के आधार पर काउंसिलिंग और ग्रेड असाइन करने की सुविधा उपलब्ध हो गई है। महाप्रबंधक श्री चौधरी ने उत्तर अध्य रेलवे की क्रू लॉबी में कंप्यूटर आधारित काउंसलिंग व्यवस्था की जाँच की और काउंसलिंग वीडियो आदि को समाहित कर व्यवस्था में सुधार के लिए सुझाव दिया। महाप्रबंधक ने कहा कि चालक दल सेक्शन में हमारी आंखें और कान हैं और उन्हें ट्रेन परिचालन के दौरान किसी असामान्य स्थिति की सूचना देने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए ताकि समय पर सुधारात्मक और निवारक कार्रवाई की जा सके। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक श्री चौधरी ने विभिन्न परिपत्रों, केस स्टडी आदि को प्रदर्शित करने के लिए एलईडी स्क्रीन के उपयोग की भी सलाह दी और सीएमएस प्रणाली और नेटवर्क कनेक्टिविटी में सुधार के निर्देश दिए। महाप्रबंधक महोदय ने यह भी कहा कि कोविड -19 संक्रमण की किसी भी संभावना को कम करने के लिए ब्रेथ एनलाइजर मशीन में हवा का इनटेक एकतरफा होना चाहिए। क्रू लॉबी के समग्र सुधार के लिए और कंप्यूटर आधारित काउंसलिंग प्रणाली के कार्यान्वयन के लिए महाप्रबंधक ने सामूहिक नकद पुरस्कार की घोषणा की।

महाप्रबंधक ने नई दिल्ली में उत्तर अध्य रेलवे की 250 बेड क्षमता वाले रनिंग रूम का भी निरीक्षण किया और रनिंग रूम में क्रू के लिए गुणवत्तायुक्त सुविधाओं के लिए वहां ठहरने, भोजन, हाउसकीपिंग और अन्य व्यवस्थाओं की जाँच की। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने रनिंग रूम में उपलब्ध क्रू के साथ बातचीत की और अधिकारियों को विभिन्न क्षेत्रों में सुधार के लिए निर्देश दिए और कहा कि क्रू संबंधी व्यवस्थाओं को आरामदायक और परेशानी मुक्त बनाएं। महाप्रबंधक ने रनिंग रूम की चौथी मंजिल पर चल रहे नवीकरण कार्य का भी निरीक्षण किया और अधिकारियों को कार्य की प्रगति में तेजी लाने के लिए कहा। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने रनिंग रूम के दोनों किनारों पर फायर हाइड्रेंट लगाने एवं रखरखाव के लिए सिस्तम की ए एम सी करने का निर्देश दिया और रनिंग रूम की फायर एवं स्मोक डिटेक्शन अलार्म प्रणाली की तत्काल मरम्मत के लिए निर्देश दिए। महाप्रबंधक ने अधिकारियों को नई दिल्ली में इस महत्वपूर्ण रनिंग रूम के भविष्य के सुधार और विस्तार के लिए रोड मैप तैयार करने की सलाह दी। रनिंग रूम के समग्र सुधार के लिए महाप्रबंधक ने रनिंग रूम प्रबंधन के लिए एक समूह नकद पुरस्कार की भी घोषणा की।

निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक के साथ आगरा मंडल के सीनियर डीईई (ऑपरेशन) आफताब अहमद, रनिंग रूम के प्रभारी, मुख्य क्रू नियंत्रक नई दिल्ली सहित अन्य पर्यवेक्षक और कर्मचारी उपस्थित थे।

**अखण्ड भारत संदेश** के लिए स्वामी श्री योगी सत्यम कियायोग आश्रम एवं अनुसंधान सस्थान झूंसी, प्रयागराज 211019 से प्रकाशित एवं रामा प्रिंटिंग प्रेस 53/25/1ए बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित।

**मुद्रक/प्रकाशक**
**स्वामी श्री योगी सत्यम**

पी0आर0बी0 एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा। आरएनआई नं0: UPHIN2001/9025

# सेंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड का वार्षिक निरीक्षण





कार्यक्रम में उपस्थित ब्रिगेड के सदस्य व उपस्थित अधिकारीगण

**प्रयागराज।** रेल प्रशासन द्वारा सेंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड का वार्षिक निरीक्षण 2019-20 सोमवार को कोरल क्लब प्रयागराज में सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ । डॉ सुमन्त बहल, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक एवं उप आयुक्त, सेंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड/उ.म.रे/प्रयागराज द्वार परेड की सलामी ली गई ।

कार्यक्रम में डॉ राकेश निगम डिवी. कमांडर (मेडिकल) ने ब्रिगेड के द्वार किये कार्यों को सराहा। इसमें सेवा निवृत्त डिवी. कमांडर (प्रशासन) एम.एच. अंसारी तथा रिटायर्ड एम्बुलेंस अधिकारी ए.के आर्या आदि उपस्थित होकर अपने अपने बिचार व्यक्त किये ।

कार्यक्रम को सफल बनाने में एम्बुलेंस अधिकारी मुहिब उल्लाह, पवन कुमार यादव, आलोक वर्मा, राजीव सिंह, उदय चंद्र मौर्य, तथा अनूप श्रीवस्तव का विशेष योगदान रहा । उक्त कार्यक्रम में ब्रिगेड द्वारा पूरे वर्ष में किए गये सराहनीय कार्यों के लिए दोनों ब्रिगेड के सदस्यों की प्रशंसा की गई साथ में देश में फैले कोविड-19 महामारी के दौरान किए गये कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा की गई । वर्ष 2019-20 में उत्कृष्ट कार्यों के लिए दोनों ब्रिगेड के सदस्यों को सम्मानित किया गया ।

## संक्षेप समाचार

### मनौरी बाजार में मंत्री का आगमन आज

**कौशाम्बी।** 24 नवंबर को मंत्री नंद गोपाल गुप्ता का मनौरी बाजार में आगमनपूर्व प्रधान जगदीश चंद्र केसरवानी के आवास पर होगा मंत्री नंद गोपाल नंदी लोगों से मुलाकात करेंगे नागरिक उड्डयन,राजनीतिक पेंशन ,अल्पसंख्यक कल्याण मुस्लिम वक्फ एवं हज विभाग मंत्री नंद गोपाल गुप्ता "नंदी" का 24 व 25 नवंबर का दो दिन जनपद कौशांबी दौरा का कार्यक्रम निर्धारित है 24 नवंबर को चायल तहसील के गांव मीरपुर से उनके कार्यक्रम की शुरूआत होगी। उसके बाद असरापुर, जनका,मनौरी बाजार होते हुए कौशांबी के कई गांव स्थानों में जाकर लोगों से मंत्री नंद गोपाल गुप्ता मिलेंगे कौशांबी में 24 नवंबर को रात्रि मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी का बिश्राम करेंगे और फिर 25 नवंबर से ओसा मंझनपुर से वह लोगो से मिलने का कार्यक्रम शुरू करेंगे

### जिला स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम 27 को

**कौशाम्बी।** महानिदेशक, युवा कल्याण उ0प्र0 लखनऊ के पत्र के अनुसार वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए जनपद स्तरीय सास्कृतिक कार्यक्रम स्थानीय सरस हाल विकास भवन मंझनपुर में 27 नवम्बर को किया जायेगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम अनेक विधाओं में स्थानीय एवं ग्रामीण स्तर के कलाकारों की कला का प्रदर्शन प्रतियोगिता किया जाना है। यह जानकारी जिला युवा कल्याण एवं प्रा0वि0द0 अधिकारी छंगूराम सरोज ने दी। उन्होनें बताया कि लोकनृत्य, लोकगीत, एकल संगीत, हार्मोनियम लाइट, क्लासिकल लोकल (हिन्दुस्तानी), सितारवादन, बॉसुरीवादन, एक्सटेम्पोर, आदि कार्यक्रमों में 13 से 29 आयु वर्ग के प्रतिभागी भाग ले सकेंगे।

### अवैध शराब के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**अझुवा कौशाम्बी।** अवैध शराब परिवहन एवं निष्कर्षण अभियान के अंतर्गत सिराथू चौकी प्रभारी ने जबरदस्त कार्रवाई की है। चौकी प्रभारी की कार्रवाई की जड़ में आये अवैध शराब कारोबारी बच्चा लाल पुत्र कल्लु निवासी लोहारन का पूर्वा थाना सैनी को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 20 लीटर अवैध शराब चौकी पुलिस ने बरामद की है चौकी पुलिस की कार्यवाही में लगभग 3 कुन्तल अर्धनिर्मित शराब लहन पुलिस को मिला है जिसे पुलिस ने मौके पर नष्ट किया।

# दो टुकड़ों में रेल लाइन के पास मिला अधेड़ का शव


हादसे के बाद घटना स्थल पर पड़ाद्वक्षत विक्षत शव।

▶▶ रहस्य बनकर रह गयी रेल लाइनों पर मिले दर्जनों अज्ञात शव
▶▶ बिना फिंगरप्रिंट लिए रेल लाइनों पर मिले अज्ञात लाशों को पुलिस भेज देती है पोस्टमार्टम हाउस
▶▶ अज्ञात लाशों के खुलासे को लेकर इंटरनेट समाचार पत्र पंपलेट बैनर पोस्टर के माध्यम से प्रचार कर पुलिस को करना होगा शव की शिनाख्त

**कौशाम्बी।** हावड़ा दिल्ली रेल लाइन के सैनी और कोखराज थाना क्षेत्र में आए दिन अज्ञात लाशों के मिलने के सिलसिला में रोक लगती नहीं दिख रही है आज फिर सैनी कोतवाली क्षेत्र के सिराथू और संयारा स्टेशन के बीच एक अधेड़ की लाश दो टुकड़ों में मिली है रेल लाइन पर लाश मिलने की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मृतक की उम्र लगभग 55 वर्ष बताई जाती है काफी प्रयास के बाद मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है उसके पास से भी पुलिस को कुछ ऐसे अभिलेख नहीं बरामद हुए हैं जिससे मृतक की शिनाख्त हो सके लाश मिलने की सूचना पर आसपास के गांव के तमाम लोग मौके पर जुटे लेकिन किसी ने लाश की पहचान नहीं की है जिससे लगता है कि लाश बाहर से लाकर फेकी गई है इसके पहले भी हावड़ा दिल्ली रेल लाइन के सैनी और कोखराज थाना क्षेत्र में दर्जनों लावारिस लाशें मिल चुकी है जिनका खुलासा पुलिस नहीं कर सकी है। जिले क्षेत्र में रेल लाइनों पर लाश फेंकने वाले गैंग सक्रिय हैं संगठित अपराध में लिप्त लोगों द्वारा लूटपाट करने के बाद हत्या कर लाश रेल लाइन पर फेंक दी जाती है और पुलिस लाश की बरामदगी और उसे पोस्टमार्टम हाउस भेजने के समय गंभीर नहीं होती है जिससे तमाम साक्ष्य नष्ट हो जाते हैं मौके पर पुलिस को फिंगरप्रिंट टीम को बुलाया जाना चाहिए और टीम के द्वारा पूरी बारीकी से जांच कराई जानी चाहिए आखिर वहां तक लाशें कैसे पहुंचती हैं इन लाशों को रेलवे लाइनों के ठिकानों पर लगाने वाले संगठित अपराध में लिप्त गिरोह के सरगना और सदस्य कौन हैं अज्ञात लाशों के शिनाख्त और खुलासे के लिए पुलिस को समाचार पत्र पोस्टर बैनर पंपलेट इंटरनेट के माध्यम से लावारिस लाशों की शिनाख्त का प्रयास करना चाहिए लेकिन कौशांबी जिले में मिलने वाली लावारिस लाश के खुलासे और उसके शिनाख्त के प्रति पुलिस कतई गंभीर नहीं दिख रही है जिससे लावारिस लाश फेंकने वालों के हौसले बुलंद हैं बीते दिनों इसी तरह राष्ट्रीय राजमार्ग इमामगंज के पास एक बालिका की लाश मिली थी यह लाश भी रहस्य बन कर रह गई है जिले में लावारिस लाश मिलने के मामले में पुलिस अधिकारियों को गंभीरता बरतनी होगी और आनन-फानन में इसे दुर्घटना आत्महत्या मान कर बिना फिंगरप्रिंट लिए लाश को पोस्टमार्टम भेजने की प्रक्रिया पर थाना पुलिस को सख्त निर्देश देना होगा जिससे लावारिस लाशों का खुलासा आसानी से हो सके और घटना में लिप्त अपराधियों पर कार्रवाई हो सके।

# राष्ट्रीय राजमार्ग में तेज लपटों के साथ अचानक जल उठी ट्रक


धू-धूकर जलते ट्रक का दृश्य

**कल्यानपुर कौशांबी।** दिल्ली कोलकाता के राष्ट्रीय राजमार्ग के कोखराज थाना क्षेत्र के कल्यानपुर के पास अचानक एक ट्रक के केबिन में आग लग गई और देखते देखते ट्रक की केबिन तेज लपटों के साथ जलने लगी ट्रक के खलासी और चालक ने ट्रक से कूदकर जान बचाई देखते-देखते ट्रक का आगे का हिस्सा तेज लपटों से जल गया ट्रक में आग लगने की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पानी डालकर ट्रक में लगी आग को बुझाया सूचना पाकर घटनास्थल पर स्थानीय पुलिस भी पहुंच गई है इस हादसे में चालक खलासी सुरक्षित बच गए हैं और ट्रक का आगे का हिस्सा पूरी तरह से जल गया है हादसे में लाखों रुपए का नुकसान बताया जाता है ट्रक चालक ने मामले की सूचना ट्रक मालिक और पुलिस को भेज दी है।


यातायात विषय पर चित्रकला से जारूक करते।


## यातायात विषय पर चित्रकला के माध्यम से किया गया जागरूक

### यातायात प्रतियोगिता में विजई छात्र-छात्राओं को किया गया पुरस्कृत

**कौशाम्बी।** यातायात माह नवंबर के जारुकता कार्यक्रम के अंतर्गत यातायात प्रभारी रविंद्र त्रिपाठी के नेतृत्व में यातायात विषय पर चित्रकला का आयोजन किया गया राजकीय हाई स्कूल महेवा घाट में यातायात जागरूकता कार्यक्रम के तहत कक्षा 9 और 10 के छात्र छात्राओं द्वारा प्रतियोगिता कराई गई जिसमें प्रथम स्थान पर आने वाले खुशी देवी कक्षा 10 तथा द्वितीय स्थान मंजेश कुमार कक्षा 9 और तृतीय स्थान सोनाक्षी मिश्रा ने प्राप्त किया जिन्हें पुरस्कृत किया गया । प्रधानाचार्य श्रीमती दीपमाला सोनकर एवं स्कूल स्टाफ के साथ छात्र छात्राओं को जागरूक किया गया तथा यातायात के विषयक पंपलेट आवश्यक जानकारी के पर्चे वितरित कर यातायात का प्रशिक्षण दिया गया तथा सड़क पर बरती जाने वाली सावधानियों से अवगत कराया गया।इस अवसर विद्यालय का समस्त स्टाफ सहित छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

# एसपी आवास डाक लेकर जा रहे सिपाही को विक्रम ने रौंदा

## मंझनपुर में प्राइवेट वाहन विक्रम अप्पे प्राइवेट बस चालक बेलगाम, सड़कों पर लोगों का चलना दुश्वार


सड़क पर लहूलुहान सिपाही को उपचार के लिए ले जाते लोग

**कौशांबी।** जनपद मुख्यालय मंझनपुर में प्राइवेट वाहन विक्रम अप्पे प्राइवेट बस चालक इस कदर बेलगाम है कि सड़कों पर लोगों का चलना दुश्वार है लेकिन आम पब्लिक की शिकायत के बाद भी अवैध तरीके से चल रहे विक्रम टेंपो अप्पे प्राइवेट बस चालको पर अंकुश नहीं लग रहा है जिले में आए दिन सड़क पर दुर्घटना करने में विक्रम टेंपो और प्राइवेट बस चालकों का नाम सामने आता है सोमवार को सुबह 11:00 बजे लगभग पुलिस अधीक्षक कार्यालय में डाक देने के बाद सिपाही रामप्रवेश शुक्ला बाइक लेकर डीएम और एसपी आवास की ओर जा रहे थे जैसे ही सिपाही एसपी कार्यालय से 50 कदम आगे बढ़े होंगे कि डिवाइडर क्रास कर यातायात नियमों के विपरीत दूसरे लेन में बिक्रम लेकर चालक पहुँच गया और सामने से आ रही तेज गति विक्रम चालक ने बाइक सवार सिपाही को जोरदार टक्कर मार हादसे में सिपाही बाइक समेत सड़क पर गिर पड़ा और गंभीर घायल हो गया है हादसे की आवाज इतनी तेज थी कि आसपास के लोग चौक उठे जानकारी मिलते ही मौके पर तमाम लोग पहुंचे सामने एलआईयू कार्यालय और पुलिस कार्यालय है जानकारी मिलते ही दोनो कार्यालय के लोग भी मौके पर पहुंचे और आनन-फानन में घायल सिपाही रामप्रवेश शुक्ला को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया सिपाही की बाइक में टक्कर मारने के बाद विक्रम चालक विक्रम सहित मौके से फरार हो गया है चालक की तलाश पुलिस कर रही है अनियंत्रित तरीके से विक्रम ऑटो का संचालन जनपद मुख्यालय और आसपास की सड़कों में बेखौफ हो रहा है लेकिन ड्यूटी में लगाए गए होमगार्ड के जवान से लेकर सिपाही विक्रम टेंपो चालकों को नियंत्रित नहीं कर पा रहे हैं ड्यूटी में खड़े सिपाही और होमगार्डों को अपनी ड्यूटी निभाते हुए अनियंत्रित वाहनों पर कार्रवाई करनी होगी तभी यातायात व्यवस्था में सुधार हो सकता है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में अधेड़ की हुई मौत

**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के नगर पंचायत अझुवा वार्ड नंबर 2 अंबेडकर नगर निवासी सिया लाल पुत्र स्व.दुज्जा उम्र लगभग 45 वर्ष की संदिग्ध परिस्थितियों में आज मौत हो गई। जानकारी के अनुसार सिया लाल पुत्र स्वर्गीय विद्या नगर पंचायत के वार्ड नंबर 2 अम्बेडकर नगर का निवासी था लोगों के अनुसार सिया लाल शराब का आदी था उसकी इसी आदत के चलते उसकी पत्नी कई वर्ष पहले उसे छोड़कर दूसरी जगह चली गई थी इसकी मौत बीते कल ही हो गयी थी ! इसके एक पुत्र है उसने बताया की पिताजी बीमार रहते थे पहले दारू पीते थे आज 3 महीने से दारु पीना बंद कर दिया था परिजनों ने बिना पुलिस को सूचना दिए शव का अंतिम संस्कार कर दिया है परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

# बेल्हा में एक और किशोर ने फांसी लगाकर दी जान

**प्रतापगढ़।** अड़तालिस घण्टे के भीतर कोतवाली के बेलहा गांव के बुआ का पुरवा मे एक किशोर ने भी फांसी के फंदे पर झूलकर मौत को गले लगा लिया। मृतक किशोर स्थानीय बाजार मे ठेले पर फल लगाकर जीविकोपार्जन किया करता था। कोतवाली के बेलहा गांव मे बाबू पटेल के पुत्र धीरज पटेल उर्फ सुगनू 17 ने रविवार की रात घर के भीतर कमरे मे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सोमवार की सुबह सुगनू की मां कुसुमा ने जब उसके कमरे मे गई तो बेटे को फांसी के फंदे से झूलता देख दंग रह गयी। कुसुमा की चीखपुकार पर परिजन व आसपास के लोग जुटे और मृतक किशोर के शव को फंदे से उतारकर बाहर ले आये। सूचना मिलने पर कोतवाल संजय यादव फोर्स के साथ गांव पहुंचे और मृतक के शव का पंचनामा कराकर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया। घटना को लेकर मृतक की मां कुसुमा ने पुलिस को दी गई सूचना मे कहा है कि अत्यधिक शराब के नशे मे होने से उसके बेटे ने फांसी लगा ली। मृतक धीरज लालगंज बाजार मे ठेला लगाकर फल विक्रय करता था। इधर चर्चा के मुताबिक धीरज ने रविवार की शाम ज्यादा नशा कर रखा था। गांव मे एक पडोसी के यहां पहुंचकर उसने शोरशराबा किया तो पडोसियों ने उसे डांट डपटकर भगा दिया। इसके बाद धीरज घर आया और फांसी लगाकर देर रात आत्महत्या कर ली। बेलहा गांव मे अडतालिस घंटे के भीतर फांसी लगाकर जान देने की दूसरी घटना से लोग हतप्रभ दिखे। बतादें शनिवार को गांव मे ही आईटीआई के छात्र धीरेन्द्र शर्मा उर्फ धीरू ने घर के भीतर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। धीरेन्द्र शर्मा ने अपनी मौत के लिए तीन लोगों को गुनाहगार ठहराया था। इस पर मृतक छात्र के भाई की तहरीर पर केस भी दर्ज हुआ है। हालांकि घटना के तीसरे दिन भी पुलिस आरोपितो को पकड नही सकी है। सूत्रों के मुताबिक पुलिस धीरेन्द्र शर्मा की आत्महत्या के मामले मे गांव के दो तीन संदिग्धो को हिरासत मे लेकर पूछताछ मे जुटी हुई है।

## दुर्घटना मे शिक्षक की पत्नी का निधन गंभीर दशा में शिक्षक रेफर

प्रतापगढ़। तीव्र गति से डाला वाहन की टक्कर से बाइक सवार शिक्षक दम्पति गंभीर रूप से घायल हो गये। दुर्घटना मे शिक्षक की पत्नी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। वहीं गंभीर रूप से घायल शिक्षक को इलाज के लिए चिकित्सको ने प्रयागराज मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। जेठवारा थाना के पदमनाथपुर लक्ष्मणपुर के शिक्षक रमेश सिंह 35 लालगंज मे किराए के मकान पर रहते है। रविवार की देर रात वह पत्नी साधना के साथ बाइक से गांव जा रहे थे। लालगंज-बाबूगंज हाइवे पर भदारी राइसमिल के समीप अचानक तीव्र गति से आ रही एक डाला वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर के चलते शिक्षक की पत्नी साधना 32 की मौके पर ही मौत हो गयी। जबकि शिक्षक रमेश सिंह को भी गंभीर चोटें आ गयी। दुर्घटना की जानकारी होते ही कोतवाल संजय यादव मौके पर पहुंचे। घायलो को एम्बुलेंस से सीएचसी लाया गया। यहां चिकित्सको ने शिक्षक की पत्नी साधना को मृत घोषित कर दिया। जबकि रमेश सिंह को फौरन प्रयागराज मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। जानकारी होने पर रमेश के परिजन भी आननफानन मे सीएचसी पहुंचे और चीखपुकार करने लगे। रमेश लखपेड़ा इण्टर कालेज मे नागरिक शास्त्र के प्रवक्ता है। पुलिस ने मृतका साधना सिंह के शव का पंचनामा कराकर देर रात जिला मुख्यालय पीएम के लिए भेजवा दिया। साधना अपने पीछे छः वर्ष के मासूम बेटे को छोड गई है।किशोरी ने

## कुएं मे लगाई छलांग, बाल-बाल बची

**प्रतापगढ़।** स्थानीय बाजार खास मे रविवार की देर रात किशोरी के अचानक कुएं मे छलांग लगा देने से हडकंप मच गया। हालांकि आननफानन मे परिजनो ने किशोरी को कुएं से बाहर निकाल लिया। जिससे वह बाल बाल बच गई। सूचना मिलते ही चैक पर मौजूद कोतवाली के दरोगा सुनील राय भी आननफानन मे मौके पर पहुंच गये। पुलिस ने किशोरी को खुद के वाहन से फौरन स्थानीय सीएचसी लेकर गई। यहां दूसरे दिन सोमवार को भी किशोरी का इलाज जारी है। बाजार खास के रमेश की पुत्री संजू सरोज 16 रविवार की रात घर मे कुछ कहासुनी के बाद समीप के एक कुएं मे छलांग लगा दी। शोर होने पर बाजार के लोग भागकर मौके पर पहुंचे और परिजनो की मदद से संजू को आननफानन मे कुएं से बाहर निकाला। इधर नगर के चैक पर चेकिंग कर रहे कोतवाली के दरोगा सुनील राय भी घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंच गये। दरोगा आशा सचान की मदद से पुलिस किशोरी को फौरन अस्पताल लेकर पहुंची। परिजन इस बाबत कुछ भी कहने को तैयार नही दिखे। सूत्रों के मुताबिक किशोरी शनिवार को जेठवारा क्षेत्र मे कहीं गई थी। इससे परिजन नाराज हो गये और उसे डांटा फटकारा। डांट फटकार से क्षुब्ध किशोरी ने कुएं मे कूदकर आत्महत्या करने का प्रयास कर बैठी।

### डीजीपी और अपर पुलिस महानिदेशक के निदेशों का पालन नहीं कर रही नागरिक पुलिस

**कौशांबी।** पड़ोसी जनपदों में निवास होना या पड़ोसी जनपद में संपत्तिया होने पर पुलिस निरीक्षक उपनिरीक्षक सिपाही की तैनाती नहीं हो सकती है कोतवाल संत शरण की प्रॉपर्टी इलाहाबाद शहर में है चरवा कोतवाल फिर संत शरण और इनका परिवार इलाहाबाद में रहता है इस बात को पुलिस महकमे के अधिकारी भी जानते हैं डीजीपी ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि सीमावर्ती जिलों में नागरिक पुलिस की तैनाती नहीं होगी और जिन की तैनाती सीमावर्ती जिले में हो गई है उन्हें जिले से हटाया जाए इसके लिए पुलिस अधीक्षक से अपर पुलिस महानिदेशक द्वारा लिस्ट भी मांगी गई है लेकिन चरवा कोतवाल सराय अकिल कोतवाल का पड़ोसी जनपद में आवास होने के बाद जिले से इनका स्थानांतरण नहीं हो सका है कोखराज कोतवाल मूरतगंज चौकी इंचार्ज सहित तमाम थानेदारों और उप निरीक्षकों का स्थानांतरण इसी आधार पर कौशांबी से पूर्व में किया भी गया था लेकिन उनकी जिले से रवानगी नहीं हो सकी है यह कहा जाए कि जिले में डीजीपी और अपर पुलिस महानिदेशक के निदेशों का पालन नागरिक पुलिस नहीं कर रही है।

# मित्रों और परिवारी जनों के साथ लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

## पौधरोपण कर मनाया हरित जन्मदिन

**प्रतापगढ़।** पर्यावरण सेना की मुहिम से लगातार जुड़ रहे लोगों में सकारात्मक बदलाव तेजी से हो रहा है और लोग प्रकृति सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण हेतु सराहनीय कदम उठा रहे हैं। मान्धाता ब्लाक के पूरे अजमेरशाह पर्यावरण सेना प्रमुख ग्रीनमैन अजय क्रांतिकारी के नेतृत्व में आदित्य कुमार सिंह ने अपना 23 वां जन्मदिन पर्यावरणीय तरीके से पौधरोपण कर सादगी से मनाया और अपने ईष्ट - मित्रों सहित परिवारी जनों के साथ पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ मनाया। पौधरोपण के अवसर पर आदित्य सिंह ने कहा कि पौधरोपण कर हमें पेड़ों की सुरक्षा करनी चाहिए।हमारा पर्यावरण बेहतर होगा तो जीवन स्वस्थ होने के साथ ही पीढ़ियों का भविष्य सुंदर होगा।आगे उन्होंने कहा कि पर्यावरण सेना की मुहिम पर्यावरण संरक्षण के लिए अनुकरणीय पहल है, हम सभी को पर्यावरण सेना का सहयोग कर पर्यावरण संरक्षण के कार्य में लग जाना चाहिए। इस मौके पर पर्यावरण सेना प्रमुख ग्रीनमैन अजय क्रांतिकारी ने कहा कि हमें अपनी संस्कृति और परंपराओं को जीवंत बनाए रखते हुए उनसे पर्यावरण संरक्षण की सीख लेनी चाहिए।ऐसा कोई कार्य न करें जिससे पर्यावरण को हानि हो। इस मौके पर दिलीप सिंह, संजय सिंह, अरविंद कुमार सिंह,सत्यम सिंह, सूरज सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# अपना दल एस के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष का हुआ भव्य स्वागत


अपना दल के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत करते

**प्रतापगढ़।** अपना दल के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं विधान परिषद सदस्य आशीष सिंह पटेल ने कार्यकताओं से पार्टी के संगठन को मजबूत बनाए जाने के लिए घर घर गांव गांव सघन जनसंपर्क अभियान में जुटने को कहा है। कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष आशीष ने रविवार को जनपद भ्रमण कार्यक्रम के पश्चात सदर विधायक राजकुमार पाल के आवास पर ट्री पार्टी में हिस्सेदारी लेने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने सदर विधायक के गांव पूरे ईश्वर नाथ स्थित आवास कैंप कार्यालय पर पार्टी कार्यकताओं से कहा कि जनता के समर्थन और पार्टी के लगातार जनता की आवाज को उठाने के चलते आज अपना दल एस देश की चैथी बड़ी पार्टी बन चुकी है। उन्होने राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल की अगुवाई में अपना दल एस के द्वारा कमजोर तबके की लड़ाई को बराबर तेजी से लड़ते हुए विकास तथा लोगों के अधिकार की रक्षा में भी कार्यकताओं से प्रभावी भूमिका निभाए जाने की अपील की। इसके पूर्व कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष ई-मेल श्री आशीष सिंह पटेल का सदर विधायक राजकुमार पाल व विधि मंच के प्रदेश सदस्य परमानंद मिश्र सहित पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने भव्य स्वागत किया इसके साथ ही एमएलसी ने विधायक के पिता को माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। अपना दल यस के कार्यकारी अध्यक्ष आशीष सिंह पटेल ने सदर विधायक के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि सदर विधायक राजकुमार पाल जिस तरीके से सदर क्षेत्र के गरीब तबके के लोगों के लड़ाई लड़ते हुए उनके सुखो और दुखों में लगातार भागीदारी निभा रहे हैं। इस मौके पर कई लोग अपना दल एस की नीतियों से प्रभावित होकर पार्टी की सदस्यता भी ग्रहण किया। इस मौके पर सोरांव विधायक एवं प्रदेश अध्यक्ष जमुना प्रसाद सरोज, आवास विकास दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री राम लखन, कार्यवाहक जिलाध्यक्ष जीतलाल पटेल,जिलाध्यक्ष आईटी सेल विपिन वर्मा आदि रहे।

### टप्पेबाजों ने उडाये पचास हजार, छानबीन मे जुटी पुलिस

**प्रतापगढ़।** कोतवाली के अगई स्थित स्टेट बैंक से पचास हजार रूपया निकालकर घर जा रहे साइकिल सवार से टप्पेबाजों ने रुपए हड़प लिये। रोहाड़ा गांव के शिवमूर्ति तिवारी के घर वैवाहिक कार्यक्रम का आयोजन है। सोमवार को सुबह वह अगई स्थित एसबीआई शाखा से पचास हजार रुपए निकालकर घर लौट रहे थे। रास्ते मे बाइक सवार टप्पेबाज मिल गये। टप्पबाजो ने पीडित को अपने जाल मे फंसाते हुए कागज के तैयार किये गये कुछ रूपयो की गडडी मोटी कर रकम बदलवा लिये। इसके बाद टप्पेबाज रफूचक्कर हो गये। ठगी की जानकारी होते ही पीडित के होश उड़ गये। उसने रानीगंज कैथौला चैकी पहुंचकर घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही चैकी पुलिस छानबीन मे जुट गई। कोतवाल का कहना है जांच की जा रही है, कार्रवाई की जाएगी।

# भाजपा नेता और उनके भाई को पुलिस ने भेजा जेल

**कौशांबी।** चरवा थाने की पुलिस का खेल भी निराला है पुलिस मैनुअल में 24 घंटे से अधिक आरोपी की गिरफ्तारी पर पूरी तरह से प्रतिबंध है पुलिस कानून की बात करें तो गिरफ्तारी से 24 घंटे के अंदर आरोपी को अदालत में भेजना ही होगा लेकिन शनिवार की रात 11:00 बजे चरवा थाना के काजू गांव में भाजपा नेता के घर 70 की संख्या में अराजक तत्वों ने असलहों से लैस होकर भाजपा नेता के घर जमकर फायरिंग की इस मामले में अराजक तत्वों की गिरफ्तारी तो पुलिस नहीं कर सकी लेकिन शनिवार की रात 11 बज कर 15 मिनट पर चरवा थाना पुलिस ने भाजपा नेता और उनके भाइयों को गिरफ्तार कर पुलिस ने हवालात में डाल दिया शनिवार की रात गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने भाजपा नेताओं का चालान रविवार को नहीं किया 24 घंटे का समय बीत गया 40 घंटे व्यतीत होने के बाद चरवा पुलिस ने भाजपा नेता उमेश केसरवानी और उनके भाई का अदालत में चालान सोमवार की शाम 4:30 बजे किया है। अब कानून नियम कायदे की बात करें तो पुलिस ने पहली भूल की निर्दोष भाजपा नेताओं को गिरफ्तारी करके और फिर दूसरी भूल पुलिस ने की उन्हें 40 घंटे तक पुलिस हिरासत में रखने के बाद 40 घंटे बाद सोमवार की शाम साढ़े चार बजे भाजपा नेता उमेश केसरवानी और उनके भाई को पुलिस ने अदालत में पेश कर दिया है। पुलिस की भूल का सिलसिला यहीं नहीं खत्म होता है भाजपा नेता को हिरासत में लेने के बाद चरवा थाने के एक उपनिरीक्षक में बड़ी बेरहमी से उन्हें लाठियों से पीटा है कानून का उल्लंघन कर जंगल राज बना चरवा थाने की पुलिस ने भाजपा नेता को थाने के अंदर लाठियों से पीटा है।